# झांसा देकर सवा दो करोड़ ठगे

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। कोतवाली क्षेत्र दुर्गा मंदिर के पास खाली भूखंड के नीचे दबे सोने के खजाने का झांसा देकर 2 करोड़ 33 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बीकानेर के तांत्रिक और उसके चेलों समेत नौ जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। इस मामले की जांच कोतवाली सीआई पृथ्वीपाल सिंह को सौंपी गई हैं। हरमिलापी कॉलोनी निवासी प्रेम कुमार पुत्र नानक चंद्र ने एसपी के समक्ष परिवाद दिया। इसके आधार पर यह मामला दर्ज किया गया।

परिवादी प्रेमकुमार ने बताया कि तीन साल पहले उसने दुर्गा मंदिर मार्केट क्षेत्र में एक भूखंड 9 जून 2021 को खरीद किया था। यह प्लांट बाहर से बंद है, इसके पीछे का रास्ता सुरेश ग्रोवर के घर से जाता हैं। उसे सुरेश ग्रोवर ने बताया कि इस भूखंड में सोने का खजाना दबा हुआ हैं। यदि निकालने की प्रक्रिया पूरी होती है तो उसे आधा सोना देना होगा। इसकी बातों पर वह सहमत हो गया और उसे बीकानेर के तिलक नगर निवासी तांत्रिक अताउल्ला कुरैशी को बुलाया। पहले दस लाख रुपए दिए, फिर कलेर शरीफ की दरगाह पर 11 घोड़ो की बलि के एवज में दस लाख रुपए, इसके बाद बरेली में जाकर मंत्र पढ़ने, नागौर में गुरु हिमदुल्ला रिजवी की मदद लेने के नाम पर लाखों रुपए कुल दो करोड़ 33 लाख रुपए की वसूली की गई। पुलिस ने इस मामले में तांत्रिक अताउल्ला दुसरीन, हिमदुल्ला रिजवी, सिकन्दर, आशादुल्ला, जबाबशाह, महेन्द्र बराड, राजेश उर्फ मोनू, सुरेश ग्रोवर और सतपाल बिश्नोई को आरोपी बनाया है।

# जर्मनी के सैलानी राष्ट्रदूत का अंक ले गए अपने देश



जैसलमेर। जर्मनी के सैलानी जैसलमेर घूमने आये, तब दैनिक राष्ट्रदूत में उनके जैसलमेर दुर्ग घूमने के दौरान उनके द्वारा की गई जैसलमेर की प्रशंसा को प्रमुखता से प्रसारित किया गया। भारत के नामी समाचार पत्र में सैलानियों द्वारा दी टिप्पणी को अपने ग्रुप फोटो सहित देख जर्मनी के सैलानी प्रफुल्लित हुए। सभी उक्त सैलानी अपने संग दैनिक राष्ट्रदूत का अंक ले कर गए हैं।

# नीट-यूजी में अब तक के सबसे अधिक आवेदन

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की आवेदन प्रक्रिया पूरे जोरों पर जारी है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की जा रही इस परीक्षा में अब तक के सर्वाधिक स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है। अब तक हुए आवेदनों के अनुसार 21 लाख से अधिक स्टूडेंट्स आवेदन कर चुके हैं। इस परीक्षा में होने वाले रजिस्ट्रेशन में यह अब तक की सर्वाधिक संख्या है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि 5 मई को होने वाली इस परीक्षा के लिए 21 लाख से अधिक स्टूडेंट्स आवेदन कर चुके हैं। गत वर्ष इस परीक्षा में 20 लाख 87 हजार 462 ने रजिस्ट्रेशन करवाया था और 20 लाख, 38 हजार 596 ने परीक्षा दी थी। यह परीक्षा 1 लाख 9 हजार एमबीबीएस, 26 हजार डेंटल के साथ युनानी, होम्योपैथ, वैटनरी, आयुर्वेद व नर्सिंग की मिलाकर करीब 2 लाख सीटों के लिए होगी। इस वर्ष रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 22.5 लाख तक पहुंच सकता है। मिश्रा ने बताया कि रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 9 मार्च है। दो दिन पूर्व तक बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स आवेदन कर रहे हैं लेकिन तकनीकी समस्या के चलते परेशानी आ रही है। बीते 24 घंटे से रजिस्ट्रेशन में विद्यार्थियों को काफी समस्याएं पेश आ रही हैं। उनके ईमेल पर ओटीपी वेरिफिकेशन कोड नहीं आ रहा है। इसके चलते 6 मार्च शाम 4 बजे से रजिस्ट्रेशन अटके हुए हैं।


**पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर**

**अल्पकालीन ई- निविदा सूचना सं0 18 /2023-24**
**(क्रमांक वी.सी.बी./लेखा/क्रय/2023-24 /1691 दिनांक 05.03.2024)**

इस महाविद्यालय में HIGH END PREMIUM COLOR DOPPLER ULTRASOUND SYSTEM की आपूर्ती हेतु दो कवर (तकनीकी व वित्तीय बिड ) से ऑनलाईन अल्पकालीन ई निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसमें मूल निर्माताओं /प्राधिकृत व्यवहारियों के माध्यम से दिनांक 05.03.2024 से 11.03.2024 को सुबह 11.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा डाउनलोड /अपलोड कर सकते है। UBN No. VAU2324GLOB00140 का विस्तृत विवरण स्टेट पोर्टल की वेबसाईट http//sppp.raj.nic.in विभाग की वेबसाईट www.rajuvas.org एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/23/14408 अधिष्ठाता

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**
रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर-342001, E-Mail - jdajodhpur@yahoo.com, वेबसाईट - jodhpurjda.org, Phone No. - 0291-2612086/265635-7, Fax - 021-2612086

क्रमांक :- दिनांक :- 06/03/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या :- उत्तर एबी/23/2023-24**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से कार्य को करने वाले व्यक्ति/फर्म जो निर्धारित योग्यताएं पूर्ण करती है से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी। इन कार्य की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा, शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
UBN No. : JOD2324WSOB00638, JOD2324WSOB00639, JOD2324WSOB00640, JOD2324WSOB00641, JOD2324WSOB00642

राज.संवाद/सी/23/14404 अधिशाषी अभियंता

**Office of the Municipal Board Sarmathura**

Sr.No: MBS/ Store /2024/127-30 Date – 04-03-2024

**Notice Inviting E- tender 2024-25**

Online technical and financial bid in single stage two envelops are invited on behalf of Governor of Rajasthan by Municipal Board Sarmathura. For Various Works/service in Municipal Area Sarmathura. The bidder/contractors who registerd and meets the eligibility criteria mentioned the bid and evaluated as the most preferred bidder as per the BID document for respective work, shall be considered for award of contract.
*Other terms and conditions can be seen and downloaded from www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in
UBN No.– (DLB2324SLOB35551) - 18.00 Lacs
(DLB2324SLOB35552) - 18.00 Lacs

Executive Officer
Municipal Office Sarmathura
Raj.Samwad/C/23/14430

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD ELECTRICAL DIVISION BARAN**

No. 901 Date: 29.02.2024

**Notice Inviting Bid**
**(NIT No. 33/2023-24)**

Bids for 06 Electrical (Building) work at Baran are invited from interested bidders up to 06.00 PM of 11.03.2024 (Monday) Other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the Rajasthan State. The aproximate value of the procurement is Rs. 190.85 Lac
1. PWD2324WSOB20890, 2. PWD2324WSOB20891, 3. PWD2324WSOB20892, 4. PWD2324WSOB20893, 5. PWD2324WSOB20895, 6. PWD2324WSOB20896

(Rachit Sharma)
Executive Engineer
PWD Elect. Dn Baran
DIPR/C/2220/2024

**Office of The Executive Engineer Chambal Project Division Kota**

Sr.no. 1941-1970 Date: 29.02.2024

**e-NIB No.- 06/2023-24**

On behalf of the Governor of Rajasthan. e-Tenders are invited from eligible contractors for the work(s) for-
Item No. 01-Construction of Anicut in Village Borabass, Gram Panchyat Borabas Tehsil Ladpura District Kota (Estimated Cost 73.42 Lacs) for the period of 12 Months including Rainy season is invited from interested bidders from 01.03.2024 (9.30 Hr) to 10.03.2024 till 18.00 Hr. Other particulars, terms and conditions may be seen on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.nic.in and www.dipr.rajasthan.gov.in & www.water.rajasthan.gov.in.
NIB CODE- WRD2324A0674, UBN - WRD2324WSO2017

Executive Engineer
Chambal Project Division
DIPR/C/2270/2024


# बांसवाड़ा के भूकिया-जगपुरा और कांकरिया-गारा में सोने की खानों की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरु

## माइंस विभाग ने भारत सरकार के पोर्टल एम.एस.टी.सी. पर टेण्डर डाक्यूमेंट उपलब्ध करा दिया है

- **राजस्थान की धरा उगलेगी सोना, दो और तीन मई 24 को होगी ई-नीलामी**
- **गोल्ड माइंस की पहली बार नीलामी, 113.52 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क का आकलन**
- **गोल्ड के साथ ही निकलेंगे अन्य अयस्क, राजस्व व रोजगार का खुलेगा पिटारा**

**जयपुर,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशन में माइंस विभाग ने बांसवाड़ा के भूकिया जगपुरा और कांकरिया-गारा में प्रदेश की पहली सोने की खानों की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरु करते हुए भारत सरकार के पोर्टल एमएसटीसी पर टेण्डर डाक्यूमेंट उपलब्ध करा दिया हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा खान मंत्री भी हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में पहली बार सोने की खान की नीलामी होने जा रही है। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि इनमें भूकिया-जगपुरा की माइनिंग लीज और कांकरिया-गारा की कंपोजिट लाइसेंस के लिए ई-नीलामी होगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर विभाग ने एक माह से भी कम समय में गोल्ड माइन के ऑक्शन की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ई-नीलामी का कार्यक्रम भारत सरकार के एमएसटीसी पोर्टल और विभागीय वेबसाइट पर भी जारी कर दिया है।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि ई-नीलामी कार्यक्रम के अनुसार 21 मार्च तक टेंडर डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है। तकनीकी बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12 अप्रेल है और इसके बाद भूकिया-जगपुरा गोल्ड माइंस के माइनिंग लाइसेंस के लिए 2 मई और कांकरिया-गारा के कंपोजिट लाइसेंस के लिए 3 मई को ऑक्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल से अब राजस्थान गोल्ड माइंस की नीलामी के साथ ही गोल्ड खनन करने वाले प्रदेश के रुप में देश दुनिया के नक्शे पर आ जाएगा। इससे प्रदेश में गोल्ड प्रसंस्करण उद्योग में भी निवेश आ सकेगा।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि बांसवाड़ा के घाटोल तहसील के भूकिया-जगपुरा के क्षेत्र में सोने के विपुल भण्डार हैं। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के भू-वैज्ञानिकों द्वारा इस क्षेत्र में तांबें की खोज के लिए किये जा रहे एक्सप्लोरेशन के दौरान यहां पहली बार स्वर्ण अयस्क के संकेत देखे गये। इस क्षेत्र में व्यापक एक्सप्लोरेशन के बाद 940.26 हैक्टेयर क्षेत्रफल में 113.52 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क का आरंभिक आकलन किया गया है जिसमें सोने के धातु की मात्रा 222.39 टन आंकी गई है। यहां स्वर्ण अयस्क के खनन के दौरान सह खनिज भी निकलेंगे।

बांसवाड़ा घाटोल के ही कांकरिया-गारा में आंरभिक खोज के दौरान स्वर्ण अयस्क के संकेत मिलने पर यहां फर्दर एक्सप्लोरेशन के लिए कंपोजिट लाइसेंस के लिए ई-नीलामी के लिए निविदा जारी की गई है। कांकरिया-जारा में 205 हैक्टेयर क्षेत्रफल में 1.24 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क संभावित है।

गोल्ड की इन खानों से सोने के साथ ही प्रचुर मात्रा में अन्य सह खनिज खनिज प्राप्त होगा। इससे इलेक्ट्रोनिक, पेट्रोलियम, पेट्रोकेमिकल, बैटरी, एयर बैग सहित कई उद्योगों में नए निवेश के साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अप्रत्याशित अवसर विकसित होंगे। इलेक्ट्रोनिक क्षेत्र में कच्चे माल की उपलब्धता, बैटरी उद्योग, सिक्कों की ढ़लाई, इलेक्ट्रोनिक उद्योग आदि को बूम मिलेगा। एयर बैग, पेट्रोकेमिकल उद्योग आदि और इनके कच्चे माल की आपूर्ति के लिए विदेशों पर निर्भरता कम होगी। प्रदेश में सह खनिजों से जुड़ी इण्डस्ट्रीज के नए निवेश से राजस्व और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के विपुल अवसर विकसित होंगे।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि सोने की खान से संबंधित आवश्यक सामग्री व ई-नीलामी कार्यक्रम, आवश्यक औपचारिकताओं आदि की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट व भारत सरकार के पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि देश दुनिया में कोई भी इच्छुक व्यक्ति भारत सरकार के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर ई-नीलामी में हिस्सा ले सकते हैं। वर्तमान में सरकारी क्षेत्र में कर्नाटक में हुट्टी गोल्ड माइंस कंपनी द्वारा गोल्ड का खनन किया जा रहा है व कर्नाटक के ही कोलार गोल्ड फिल्ड में काम हो रहा है। निजी क्षेत्र में मुन्द्रा ग्रुप की रामा माइंस द्वारा इस क्षेत्र में एक्सप्लोरेशन और माइनिंग का कार्य किया जा रहा है। आंध्र प्रदेष में डेक्कनगोल्ड माइंस द्वारा गोल्ड प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत बून्दी**
ई-मेल-secircle.bun.phed@rajasthan.gov.in, sephedbundi@gmail.com
क्रमांक-अअ/जनस्वा/वृ.बूंदी/2023-24/4592-4600 दिनांक-04.03.2024

**निविदा सूचना संख्या 13/2023-24**
**(NIB No. PHE2324A6092)**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से वृत बून्दी के अधीन विभिन्न कार्यो के वार्षिक दर अनुबंध हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in विभागीय वेबसाईट www.phedwater.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। निविदायें दिनांक 05.03.2024 तक वेबसाईट www.eroc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर अपलोड की जा सकेगी तथा तकनीकी बिड दिनांक 13.03.2024 को दोपहर 1.00 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी।
UBN Code-1. PHE2324WSRC14653, 2. PHE2324WSRC14655, 3. PHE2324WSRC14656, 4. PHE2324WSRC14657, 5. PHE2324WSRC14658, 6. PHE2324WSRC14659, 7. PHE2324WSRC14660, 8. PHE2324WSRC14661

(डी.एन.व्यास)
अधीक्षण अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत बून्दी
DIPR/C/2352/2024

राजस्थान सरकार
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान,उदयपुर**
क्रमांक निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी ERCC VI)/2024/ई-05556

**ई-नीलामी विज्ञप्ति संख्या-ERCC (VI/2024)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली,2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञप्ति से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों/क्वारी लाईसेसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क/अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रीमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 7 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इछुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे-ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC की की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

DIPR/C/2406/2024 (भगवती प्रसाद) IAS निदेशक


# बोर्ड परीक्षा के पहले दिन ही दो डमी परीक्षार्थी पकड़े

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की गुरूवार से शुरू हुई माध्यमिक परीक्षा में दो डमी परीक्षार्थी पकड़े गए हैं। दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए।

बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि गुरूवार से बोर्ड की माध्यमिक परीक्षा शुरू हुई। पहले दिन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पनेर अजमेर के परीक्षा केन्द्र पर दो डमी परीक्षार्थी पकड़े गए। दोनों किसी और के स्थान पर परीक्षा दे रहे थे। इनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सेकेंडरी स्तर की परीक्षाएं गुरूवार से शुरू हो गई है। सैकण्डरी परीक्षा में 10 लाख 62 हजार 341 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए हैं। पहले दिन अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई।


पनेर अजमेर के परीक्षा केन्द्र पर दो डमी परीक्षार्थी पकड़े।

सभी परीक्षार्थियों को चेकिंग के बाद परीक्षा सेन्टर पर प्रवेश दिया गया। यह परीक्षाएं 30 मार्च तक आयोजित होंगी। सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा 29 फरवरी से शुरू हो चुकी थी।

बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि सभी परीक्षाएं सुबह 08.30 से दोपहर 11.45 बजे तक होगी। एग्जाम के लिए राज्य में 6,144 सेंटर बनाए गए हैं। 10वीं व 12वीं की परीक्षा में कुल 19 लाख 39 हजार 645 परीक्षार्थी पंजीकृत है।। इनमें सीनियर सेकेंडरी के 8 लाख 66 हजार 270, सेकेंडरी के 10 लाख 62 हजार 341, वरिष्ठ उपाध्याय के 3671 एवं प्रवेशिका के 7063 विद्यार्थी शामिल हैं। स्टूडेन्ट्स को चेकिंग के बाद प्रवेश दिया गया। सीसीटीवी से परीक्षा केंद्रों पर निगरानी राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। बोर्ड की ओर से कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। प्रदेश के 600 सेंटर्स पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। अजमेर बोर्ड कार्यालय से सीसीटीवी के जरिए परीक्षा केदो पर नजर रखी जा रही है। वहीं अधिकारियों के निर्देश पर फ्लाइंग टीम भी परीक्षा केंद्रों पर जाकर औचक निरीक्षण कर रही है।

- **राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सेकेंडरी स्तर की परीक्षाएं शुरू, 30 मार्च तक आयोजित होंगी**
- **प्रदेश के 600 परीक्षा सेंटर्स पर सीसीटीवी लगाए गए हैं**

# किसानों ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया

**जोधपुर,** (कासं)। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले लूणी तहसील के विभिन्न गांवों से आए किसानों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। किसानों ने ज्ञापन में फसल बीमा योजना को लेकर मुआवजा नहीं मिलने को-ऑपरेटिव सोसाइटी में किसानों से कमीशन लेने सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने आए नारायण भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष पीराराम पावड ने बताया कि 2023 में हुई बारिश से तहसील झवर, लूणी में तिल, मूंग, बाजरे की फसल नष्ट हो गई। इसको लेकर तहसीलदार और पटवारी की ओर से 80 प्रतिशत खराबी की रिपोर्ट बनाकर सरकार को भेज दी गई। इसके बावजूद किसानों को अभी तक नहीं बताया गया कि उन्हें प्रति हेक्टेयर कितना मुआवजा और क्लेम दिया जाएगा।


**कार्यालय नगर पालिका छोटीसादड़ी, जिला-प्रतापगढ़ (राज.)**

क्रमांक :– न.पा.छो.सा./सामान्य/2023–24/3770–73 दिनांक: 01.03.2024

**ई टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या : 04/2023–24**

नगर पालिका छोटीसादड़ी द्वारा महाशिवरात्रि मेला 2024 के आयोजन हेतु मेला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार बॉलीवुड आकेस्ट्रा करवाने का कार्य निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्युरमेंट हेतु ऑनलाईन निविदाएँ आंमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इंटरनेट साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
NIB NO. – DLB2324A9492

| | |
|---|---|
| निविदा में कुल कार्य | 01 कार्य |
| निविदा की कुल लागत | 18.50 लाख |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने की दिनांक | 01/03/2024 से 07/03/2024 तक (सांय 06.00 बजे तक) |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की दिनांक | 01/03/2024 से 07/03/2024 तक (सांय 06.00 बजे तक) |
| निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट अथवा बैंकर चैक कार्यालय में भौतिक रूप से जमा करवाने की दिनांक | 11/03/2024 प्रातः 11:00 बजे |
| तकनिकी बिड खोलने की तिथी | 11/03/2024 दोपहर 01:00 बजे |
| वित्तिय बिड खोलने की तिथी | तकनिकी बिड परीक्षण पश्चात्। |
| Work 01 UBN No. | DLB2324SLOB35295 |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

अध्यक्ष, नगरपालिका छोटीसादडी
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका छोटीसादडी
राज.संवाद/सी/23/14429

**राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड**
कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर-302018
www.rsmsssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141-2722520
क्रमांक- प.14(110)RSSB/अर्थना/सा.स्वा.अधि./भर्ती/2022/2489 दिनांक- 07.03.2024

**संक्षिप्त विज्ञप्ति**

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (संविदा) भर्ती-2022 की परीक्षा दिनांक 03.03.2024 को आयोजित की जा चुकी है। उक्त भर्ती के ऑनलाईन आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 08.03.2024 से 17.03.2024 रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाईन आवेदन में संशोधन हेतु विकल्प खोला जा रहा है। आवेदक कृपया ध्यान दें कि आवेदक के नाम, आवेदक के माता/पिता के नाम लिंग, जन्मतिथि, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त अन्य सूचनाओं यथा श्रेणी/उपश्रेणी, विशेष श्रेणी, वैवाहिक स्थिति (विधवा/परित्यक्ता) आदि में संशोधन किया जा सकेगा। अधिक जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाइट https://rsmssb.rajasthan.gov.in या https://rssb.rajasthan.gov.in देखे।

DIPR/C/2516/2024 (डॉ. बी.सी. बघाल) सचिव

**OFFICE OF THE MUNICIPAL BOARD, DEOGARH**
Near Bus Stand Deogarh
Tel. No. 02904-252039 E-mail Id-EODEOGARH.LSG@RAJASTHAN.GOV.IN
S.No. MBD/Geraj/E-NIB/02/2023-24/3420 Date :- 01.03.2024

**Notice Inviting BID**
**NIB No 02/2023-24**

नगर पालिका देवगढ द्वारा निम्नांकित विकास कार्यो हेतु केन्द्र व राज्य सरकार के विभागो व अधिकृत संगठनो व स्वायत शासी संस्थाओ में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से इलेक्ट्रोनिक फारमेन्ट में आनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित विस्तृत विवरण व जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। NIB CODE :-DLB2324A9398
UBN No.:- (1) DLB2324GLOB34885

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | 1 |
| निविदा की अनुमानित लागत | 40.00 लाख |
| निविदा प्रकाशन की तिथि | 01.03.2024 04:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 01.03.2024 04:00 PM |
| भौतिक रूप से डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंक गारण्टी जमा करने की तिथि | 13.03.2024 01:00 PM Upto |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 13.03.2024 03:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 13.03.2024 04:00 PM से |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |
| दोष निवारण अवधि | नियमानुसार |

राज.संवाद/सी/23/14440 अध्यक्ष, नगर पालिका देवगढ़ अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका देवगढ़


# मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन अबकी बार 400 पार : शेखावत

## जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का पुनः प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत दिल्ली से सूर्यनगरी पहुंचे

- **मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पेपरलीक को लेकर कहा, जो-जो शामिल थे, सब बेनकाब होंगे**

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूरे विश्वास के साथ कहा कि अबकी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन 400 पार सीटें लाएगा। पेपरलीक को लेकर राज्य सरकार की कार्रवाई पर उन्होंने कहा कि हमने पहले ही कहा था, जो लोग नकल में सम्मलित हैं, केवल वही नहीं, जो लोग नकल के माध्यम से पिछले दरवाजे से नौकरियों में गए हैं, उन सबके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। अभी तो शुरुआत है। जांच के पहले और दूसरे कदम आरपीएसई व नेताओं तक पहुंचे हैं, देखते जाइए, इसमें कौन-कौन लोग शामिल थे, वो सामने आ जाएंगे, बेनकाब होंगे।

जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का पुन: प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद शेखावत गुरुवार सुबह दिल्ली से सूर्यनगरी पहुंचे। यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में शेखावत ने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को एक आशा की किरण के रूप में मानते हुए मतदान किया था। उस समय देश की राजनीति की समीक्षा करने वाले इस बात को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे कि भारत की जैसी परिस्थिति हैं, उसमें किसी एक पार्टी को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का अवसर जनता देगी, लेकिन देश की जनता ने 272 पार का नारा, जो भाजपा ने वर्ष 2014 में दिया था, वो न केवल पूरा किया, बल्कि उससे ज्यादा सीटें देकर नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनने का अवसर प्रदान किया।

शेखावत ने कहा कि वर्ष 2019 में पांच साल तक नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से जनता का विश्वास अर्जित किया। देश का सम्मान बढ़ाया। गरीब का जीवन परिवर्तित किया। जब भाजपा नेतृत्व ने नारा दिया कि अबकी बार 300 पार, उस समय भी लोगों के मन में संशय था, लेकिन देश की जनता ने उससे भी ज्यादा आशीर्वाद 303 सीटें भाजपा को देकर नरेंद्र मोदी को विश्वास के साथ प्रधानमंत्री बनाने का अवसर दिया। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि अबकी बार देश को विकसित करने की आधारशीला और आमजन में देश विकसित हो सकता है, यह विश्वास स्थापित करने के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा का नारा अबकी बार 400 पार, अब संशय मत करिए, यह पूरा होगा।

एयरपोर्ट पर गणमान्य लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोश उत्साह के आत्मीयता के साथ शेखावत का स्वागत किया। जोधपुर एयरपोर्ट और निज निवास स्थान पर शेखावत ने सभी से मुलाकात की। उन्होंने पूरे राजस्थान में 25 कमल खिलाने का विनम्र आग्रह किया, ताकि डबल इंजन सरकार बरकरार रहे और मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन हो कर भारत को विकास के पथ पर अठासर कर सकें। एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत अभिनंदन के लिए शेखावत ने सभी का धन्यवाद दिया।


**The Rajasthan Small Industries Corporation Ltd.**
(A Government of Rajasthan Undertaking) Udyog Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302 005
Phone: 0141-2227079 Fax: 0141-2227257 Website: industries.rajasthan.gov.in/rsicl
E-mail:rajsico@rajasthan.gov.in CIN- U91110RJ1961SGC001118

**ई-निविदा सूचना 35/2023-24**

राजस्थली दिल्ली, राजस्थली कोलकाता व राजस्थली उदयपुर में 24 माह के लिऐ गुणवत्ता बिक्री लक्ष्य काउण्टर क्वालिटी सेल्स टारगेट काउण्टर) के आधार पर निम्न राजस्थानी हस्तशिल्प उत्पादों की बिक्री हेतु इच्छुक निविदादाताओं से ई–निविदाऐ आमंत्रित की जाती है:–

**राजस्थली दिल्ली** – • राजस्थानी मार्बल आईटम्स काउण्टर • राजस्थानी शॉल एंव वूलन उत्पाद। • राजस्थानी हैण्ड ब्लॉक प्रिंटेड टाई एंड डाई के सिले सिलाऐ वस्त्र (सिलेसिलाऐ क्वील्टेड वस्त्रों के अतिरिक्त). (रेडीमेड गारमैण्ट्स)। • राजस्थानी टैक्सटाईल कलैक्सन (बिना सिले सिलाऐ वस्त्र/कपडा)। • राजस्थानी ब्रास एंव मैटल आईटम्स। • राजस्थानी फर्नीचर (सोफासैट, स्टूल, डाईनिंग सैट,स्टैडी टेबल, अलमारी,झरोखा,कैबीनेट्स, पार्टीसन, सन्दूक,कोर्नर आदि)। • राजस्थानी वूडन डैकोरेटिव उत्पाद। • राजस्थानी ब्लू पोटरी, टैराकोटा, पेपरमैसी इत्यादि। • राजस्थानी मिरर वर्क एवं एम्ब्रोइडरी हस्तशिल्प उत्पाद। • राजस्थानी मोजडी एंव चमडे के हस्तनिर्मित उत्पाद। • राजस्थानी फोल्डर्स,डोल एंव हैंगिंग्स। • राजस्थानी गलीचा, दरी व दरी उत्पाद। • पैक्ड फूड– राजस्थानी,खाने के आईटम जैसे पापड, भुजिया, अचार, ड्राई वैजीटेबल एवं मेंहदी।

**राजस्थली कोलकाता** – • राजस्थानी सभी प्रकार की साडियॉ।

**राजस्थली उदयपुर** – •समस्त हस्तनिर्मित राजस्थानी उत्पादों हेतु संयुक्त बिक्री गारन्टी काउण्टर।

प्रि–बिड मीटिंग दिनॉक 18.3.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे राजसिको के बोर्ड रूम मे आयोजित की जावेगी। निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 27.3.2024 समक्ष मध्यान्ह 3:00 बजे खोली जावेगीं। पूर्ण जानकारी एवं निविदा के नियम एवं शर्तो हेतु वैब साइट https://eproc.rajasthan.gov.in; http://sppp.rajasthan.gov.in एव industries.rajasthan.gov.in/rsicl देखे।

UBN is: RSI2324SLOB00033, RSI2324SLOB00034, RSI2324SLOB00035, RSI2324SLOB00036, RSI2324SLOB00037, RSI2324SLOB00038, RSI2324SLOB00039, RSI2324SSOB00040, RSI2324SSOB00041, RSI2324SSOB00042, RSI2324SSOB00043, RSI2324SSOB00044, RSI2324SSOB00045, RSI2324SSOB00046, RSI2324SLOB00047

राज.संवाद/सी/23/14396 प्रबन्ध निदेशक